'6 वां लोनावाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल इंडिया (लिफ्फी) 2021' 24–26 सितंबर, 1–3 अक्टूबर और 8–10 अक्टूबर 2021 को हर रोज़ शाम 6 बजे ऑनलाइन आयोजित होगा

यह फेस्टिवल 3 वीकेंड्स तक जारी रहेगा मशहूर फिल्म निर्माता शक्ति सामंत को दी जायेगी विशेष श्रद्धांजलि और दिखाई जायेगी उनकी कुछ यादगार फिल्में :–

– सुलेना मजुमदार अरोरा

"6वां लोनावाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल इंडिया (लिफ्फी) 2021" 24–26 सितंबर, 1–3 अक्टूबर और 8–10 अक्टूबर 2021 को हर रोज़ शाम 6 बजे ऑनलाइन आयोजित होगा। यह फेस्टिवल तीन वीकेंड्स तक लगातार जारी होगी। इसमें मशहूर फिल्म निर्माता शक्ति सामंत को विशेष श्रद्धांजलि दी जायेगी और उनकी कुछ यादगार फिल्में दिखायी जायेंगी। फेस्टिवल के डाइरेक्टर, माधव तोदी हैं और इसके क्यूरेटर, विवेक वासवानी हैं। प्री–स्क्रीनिंग चर्चाओं में फिल्म जगत की कई प्रसिद्ध हस्तियां भाग लेंगी और इन फिल्मों के क्लासिक्स बनने की वजहों पर खोंज पड़ताल करेंगी। इन हस्तियों में अशिम सामंत, संदीप सोपारकर, पूजा देसाई, ब्रह्मानंद सिंह, ज्योतिन गोयल, तुषार भाटिया, दिव्या सोलगमा व अन्य शामिल हैं। हर रोज़ एक फिल्म स्ट्रीम की जायेगी और पूरे महोत्सव के दौरान कुल 9 फीचर फिल्में दिखायी जायेंगी। महोत्सव की शुरुआत 'ऐन इवनिंग इन पेरिस' से होगा और इसकी समाप्ति "पंचम अनप्लग्ड" से होगी।

दर्शक आगे दिये गये लिंक से प्लेक्सिगो ऐप्प डाउनलोड करके आराम से घर बैठे निःशुल्क फिल्में देख सकते हैं और पैनल चर्चाओं में भाग ले सकते हैं: www.onelink.to/Plexigowww.onelink.to/Plexigo। फिल्मों और महोत्सव से जुड़ी अधिक जानकारी उनकीवेबसाइ www.liffi.in, फेसबुक: https://www.facebook.com/LIFFIIndia/ और इंस्टाग्राम: @liffi_india पर जाकर भी हासिल की जा सकतीहै। पिछले वर्ष इस महोत्सव का पांचवां संस्करण भी महामारी के चलते ऑनलाइन आयोजित हुआ था और उसे जोरदार प्रतिक्रिया मिली थी। देश भर से हजारों लोग उसमें शामिल हुए थे और देखा था।

महोत्सव के शुरुआती 4 संस्करणों का आयोजन हर वर्ष ट्रिओस प्लाज़ा, रायवुड्स, आईएनएस शिवाजी रोड, लोनावाला में लाइव हुआ था जिनमें फिल्म जगत से जुड़ी अनेक शख्सियतों ने हिस्सा लिया था।